
हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Intervational Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 196 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 30 अप्रेल 2024 | मूल्य 2 रुपया


**** सूचना ****



मैं रुखसाना पिता अखलाक हुसैन मेरा भाई इकराम हुसैन उम्र 35 वर्ष बीमारी की हालत में झालावाड़ जिले से मंदसौर जिले में इलाज के लिए लाए थे।

नाहर सैय्यद दरगाह से 28 मार्च 2024 की रात में 11 बजे निकला था, एक महीने से ढूंढ रहे है। अभी तक लापता है। अगर किसी को जानकारी लगे तो इस नम्बर पर कॉल करें।

अखलाक हुसैन, मो-8233307421
अख्तर हुसैन, मो.-8306966801

# कागजों में फायर सेफ्टी..?

## भवन तानने से मतलब, सुरक्षा रखी जा रही ताक पर

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। शहर में लगातार बढ़ती आबादी के बीच बड़े शहरों की तर्ज पर हाई राइज बिल्डिंग आकार ले रही है। इसके अलावा हाल के कुछ वर्षों में होंटल, अस्पताल, नर्सिंग होम, कोचिंग संस्थान सहित अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी बढ़े हैं। लेकिन, ये जानकर हैरानी होगी कि इनमें से करीब 70 प्रतिशत प्रतिष्ठान मध्य प्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के नियम 86 एवं 87 के अंतर्गत और राष्ट्रीय भवन निर्माण संहिता, 2016 के तहत फायर एंड लाइफ सेफ्टी के प्रविधानों का पालन नहीं कर रहे। ऐसे में बीते रविवार को नयापुरा रोड स्थित महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर विमल पामेचा भवन में हुई आगजनी से बड़ा हादसा होने की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता था।**

लगातार ऊंची होती जाती बहुमंजिला इमारतें शहर के विकास की तस्वीर पेश करती हैं। लेकिन, इस तस्वीर का एक दूसरा पहलू भी है। इन बहुमंजिला इमारतों में आग बुझाने के आंतरिक सुरक्षा इंतजाम पर्याप्त नहीं हैं। इनमें से किसी इमारत में आग लगने की स्थिति में उसे काबू करने और वहां फंसे लोगों को रेस्क्यू करना मुश्किल होगा। जबकि, हर नियमानुसार इमारतों में आग लगने पर बचने के उपाय पहले ही किए जाना होते हैं। इसी आधार पर फायर सेफ्टी विभाग से एनओसी भी मिलती है और नगर निगम के नक्शे में यह करवाना अनिवार्य भी है। लेकिन, नपा के इंजीनियर व फायर सेफ्टी विभाग की अनदेखी से शहर में इसका पालन नहीं हो रहा। ऐसे में रविवार को हुई घटना की तरह स्थिति कई अन्य जगहो पर भी सामने आ रही है। यह तो गनीमत रही कि आगजनी बड़ी नहीं थी और जैसे -तैसे लोगों को भवन से बाहर निकाल लिया गया।

### आग से निपटने के लिए सिलेंडर तक नहीं...

रेलवे स्टेशन रोड, नयापुरा रोड, महू नीमच राजमार्ग, कालाखेत जैसे कई स्थान है, जहां बड़े भवन है। इनमें इलेक्ट्रॉनिक सामान के शो रुम, सिनेमा घर, कपड़ों के शोरुम, बैंक सहित अन्य कार्यालय और संस्थान मौजूद है। लेकिन, स्थिति यह है कि अगर आगजनी की घटना होती है तो यहां से बाहर निकलना मुश्किल है। हैरत की बात तो यह है कि कई ऐसे भवनों में फायर सेफ्टी के छोटे सिलेंडर तक नहीं लगे हैं। लेकिन, जिम्मेदारों ने इस ओर कभी झांकने का भी प्रयास नहीं किया।

### आगजनी पर खुद को बचाना होगा मुश्किल



### इन भवनों में जरूरी होती है फायर एनओसी...

✻ ऐसे आवासीय भवन जिनकी ऊंचाई 15 मीटर या इससे अधिक है। उन्हें फायर एनओसी अनिवार्य है। ✻ ऐसे शैक्षणिक भवन जिनकी ऊंचाई 9 मीटर से अधिक है। साथ ही, छात्र-छात्राओं का आना जाना है। ✻ वह भवन जिनके तल का क्षेत्रफल 300 वर्ग मीटर से अधिक है। साथ ही एक बेसमेंट का क्षेत्रफल 500 वर्गमीटर से अधिक है। ✻ होटल, शैक्षणिक संस्थान, व्यवसायिक भवन, औद्योगिक स्टोरेज, हैजार्डस या मिश्रित उपयोग के भवन, जिनका एक तल या अधिक तल का फ्लोर एरिया 500 वर्गमीटर से अधिक है।

# दलौदा पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल..?

## स्विफ्ट कार से पकड़ा 120 किलो छिलका, एक आरोपी गिरफ्तार

**हेमंत धनोतिया**

**दलौदा, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** इन दिनों थाना क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों चल रही है। ढाबों पर खुलेआम अवैध डोडा चूरा, एमडी , शराब बिक रही है। थाना क्षेत्र के बड़े कस्बे दलौदा में खुलेआम युवाओं को नशे की लत में तस्करो द्वारा उलझाया जा रहा है। नए नवेले युवाओं को म्याऊ म्याऊ अर्थात एमडी के नशे की ओर धकेला जा रहा है। नगर में छोटी से छोटी जगह पर सहजता के साथ एमडी बिक रही है। लेकिन, आरोप है कि पुलिस की देखरेख में सब कार्य हो रहा है। इसलिए कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो रही है।

पुलिस शराब पीने वालो को पकड़कर केस बना रही है। लेकिन, शराब की अवैध दुकानो पर कार्यवाही नहीं हो रही है। नगर एवम आसपास गांवो में बंदी लेकर चलाए जा रहे सट्टेपर पुलिस मौन है। आज तक एक भी सटोरिए के उप्रर कार्यवाही नही हुई। थाना क्षेत्र में आईपीएल मैच के सटोरिए खुल्लेआम मैच में बुकी बनकर होटलों पर बैठे है। लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। पुलिस की ऐसी कार्यप्रणाली पर जनता सवाल उठा रही है।

बीती रात्रि में पकड़े गए अवैध छिलके में थाना प्रभारी सहित दो दीवान द्वारा मिलकर बड़ी संख्या में गांधीछाप मल्हारगढ़ विधानसभा के नेता के साथ मिलकर समझौता करने की खबरे चल रही है। बताया जा रहा हे एक गायरी को उलझाकर पास के गांव सेमलिया के एक व्यक्ति सहित लेने और देने वाले को बाहर का रास्ता दिखा दिया हैं। पुलिस कप्तान को अपनी पैनी निगाह दलौदा थाने की ओर लगाने की आवश्यकता है। नही तो सट्टा, जुआ, आईपीएल, एमडी एवम शराब, डोडा से कई घर एवम युवा बर्बाद हो जायेंगे।

### यह है मामला...

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि में थाना पुलिस ने मुखबीर सूचना पर सेमलिया हीरा-पटेला रोड से एक सफेद रंग की बिना नंबर की स्विफ्ट कार पकड़ी। जिसमे 6 कट्टे में रखा करीब 1 क्विंटल 20 किलो डोडाचूरा मिला। जानकारी के अनुसार स्विफ्ट गाड़ी से आरोपी बलराम पिता नारायण डाबी गायरी उम्र 22 वर्ष निवासी सेमलिया हीरा को पकड़ा। जिसके कब्जे से 1 क्विंटल 20 किलो डोडा छिलका अवैध रूप से किसी को देने के लिए ले जाया जा रहा। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 8/15 एनडीपीएस का प्रकरण पंजीबद्ध किया।

### ढाबे पर देने जा रहा था छिलका...

बीती रात्रि में आरोपी सेमलिया हीरा से पटेला होते हुए दलौदा जावरा मेन फोरलेन पर स्थित किसी ढाबे पर यह छिलका देने जा रहा था। उसके पूर्व ही पुलिस ने आरोपी को मय कार के साथ पकड़ लिया। लेकिन अब देखना होगा कि पुलिस को पूछताछ कर आगे की कार्यवाही भी करेगी या केवल इसी में इति श्री कर लेगी।



# भैसोदा पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली से जप्त किया 4.5 क्विंटल डोडा चूरा

## धनिए के नीचे छुपा रखा था छिलका, सीपीएस का भी है शामिल

### चार दिन के रिमांड पर आरोपी

**भानपुरा, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भैसोदा चौकी पुलिस ने एक ट्रैक्टर ट्रॉली से 4 क्विंटल 51 किलो डोडाचूरा जप्त किया। इसमें सीपीएस अर्थात बगैर अफीम निकला छिलका भी शामिल है। आरोपी यह मादक पदार्थ धनिए के बोरो के नीचे छिपाकर ले जा रहे थे। आरोपी को अदालत ने 4 दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा है।

भैसोदा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक गौरव लाड ने बताया की एएसआई विक्रमसिंह चौहान को मुखबीर सुचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति महिन्द्रा टेक्टर क्रमांक-एमपी 14 जेडसी 4975 की ट्राली मे धनिया के बोरो के नीचे कट्टे में छिपाकर अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा भरकर उक्त ट्रेक्टर ट्राली को लेकर बर्डीया इस्तमुरार से कुन्तलखेडी के रास्ते भवानी मण्डी की तरफ जाने वाला है। सूचना पर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो का पालन करते हुए ट्रेक्टर ट्राली चालक आरोपी राजेश पाटीदार पिता रामनारायण पाटीदार उम्र-41 साल निवासी बाबुल्दा के कब्जे से उक्त ट्रेक्टर ट्राली व उसमे भरा अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा 4 क्विंटल 51 किलोग्राम को जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना भानपुरा पर आरोपी राजेश पाटीदार के विरुद्ध अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

पुलिस ने आरोपी राजेश पाटीदार पिता रामनारायण पाटीदार उम्र-41 साल निवासी बाबुल्दा को न्यायालय ने पेश किया। जहां से उसे 4 दिन के लिए पुलिस रिमांड पर सौंपा है। पुलिस आरोपी से विस्तृत पूछताछ कर रही है।

# मंदसौर संसदीय क्षेत्र: चुनाव मैदान में आठ उम्मीदवार, भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला

## नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद अंतिम सूची का प्रकाशन, चुनाव चिन्ह आवंटित

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर संसदीय क्षेत्र के लिए 13 मई को मतदान होना है। इससे पहले 29 अप्रैल को नाम वापसी की समय सीमा दोपहर 3 बजे समाप्त होने के बाद रात करीब 10 बजे अंतिम सूची का प्रकाशन करने के साथ ही चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया गया। अंतिम सूची के अनुसार मंदसौर संसदीय क्षेत्र के चुनावी रण में अब आठ उम्मीदवार मैदान में बचे हैं। जिसमें कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला है। बहुजन समाज पार्टी के अलावा पांच निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में है।




कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी दिलीप सिंह यादव ने उम्मीदवारों की अंतिम सूची के साथ ही चुनाव चिन्ह का आवंटन किया है। जिसके अनुसार अब चुनाव मैदान में आठ उम्मीदवार बचे हैं। ईवीएम में सबसे पहला नाम बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार कन्हैयालाल मालवीय का है, इन्हें चुनाव चिन्ह हाथी आवंटित किया गया है। दूसरे नंबर पर कांग्रेस के दिलीप सिंह गुर्जर को चुनाव चिन्ह हाथ का पंजा तथा तीसरे नंबर पर भाजपा के सुधीर गुप्ता को चुनाव चिन्ह कमल का फूल आवंटित किया गया है।

निर्दलीय रूप से पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। जिसमें निर्दलीय उम्मीदवार इस्माइल खा मेव को चुनाव चिन्ह गैस सिलेंडर, मुरलीधर निर्दलीय उम्मीदवार को चुनाव चिन्ह कांच का गिलास, विजय रण निर्दलीय उम्मीदवार को चुनाव चिन्ह खिड़की, शाहिद अहमद निर्दलीय उम्मीदवार को चुनाव चिन्ह अलमारी तथा सुशील निवासी नागदा निर्दलीय उम्मीदवार को चुनाव चिन्ह डीजल पंप आवंटित किया गया है। उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह का आवंटन होने के साथ ही अब मंदसौर संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार और तेज हो जाएगा। इधर प्रशासन भी निष्पक्ष चुनाव कराने की तैयारी में जुटेगा। 13 मई को मतदान होना है, इसके लिए कर्मचारियों को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### मामला इंदौर में कांग्रेस की जगहंसाई का...

# पीसीसी अध्यक्ष और विपक्ष के नेता की पसंद थे अक्षय कांति बम

**इंदौर/मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। इंदौर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधनसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंगार की पसंद बताए गए है। जीतू पटवारी विधायक और मंत्री रहते भी कई ऐसे काम कर चुके हैं जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी का वातावरण बन जाता था।**







सुबह अक्षय बम के साथ सब्जी मार्केट क्षेत्र में दौरा करने वाले कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने स्पष्टआरोप लगाते हुए कहा कि मैंने टिकट मांगा था, नहीं दिया। और भी समर्पित कार्यकर्ताओं ने मांगा था, पर पैसा देखकर अक्षय कांति बम को टिकट दिया गया था। मैंने अक्षय बम के धोखा देने की इरादों से सज्जन वर्मा तथा संगठन के सभी पदाधिकारी को पहले ही चेताया था। सुबह भी मैं प्रचार में साथ था, तब भी मैने खुद प्रत्याशी से पूछा था पर तब तक भी सभी को झूठा दिलासा देते रहे। मुझे अचरज यह है कि संगठन के पदाधिकारीयों से मैंने डमी फॉर्म भरने की इजाजत मांगी थी। वह भी नहीं देने का कारण मेरी समझ से परे है। श्री यादव ने कहा कि मुझे नहीं देना था तो वर्षों से साथ काम कर रहे किसी भी कार्यकर्ता का ही डमी फॉर्म भरवाते तो आज कांग्रेस का प्रत्याशी तो मैदान में होता, संगठन की यह दुर्दशा तो ना होती..!

देवेंद्र यादव इंदौर जिला कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष है। उनका गुस्सा इसलिए भी जायज है कि उनके जैसे दर्जनों और सालों से काम करने वाले कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर प्रदेश अध्यक्ष ने धनाढ्य व्यक्ति को प्रत्याशी बना कर थोपा था। वही प्रत्याशी प्रदेश अध्यक्ष के साथ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की साख पर कालिख पोत गया। कांग्रेस हाईकमान के लिए भी यह गंभीर शोध और जांच का विषय है कि अक्षय बम के अलावा किसी भी उपयुक्त कार्यकर्ता को डमी प्रत्याशी तक क्यों नहीं बनाया गया था? जबकि ऐसा प्रत्येक पार्टी अपने प्रत्येक प्रत्याशी के साथ डमी प्रत्याशी बनाती ही है। इसी कारण जीतू पटवारी के निर्णय संदेह के घेरे में आ गया है। इसी तरह के गलत प्रत्याशी चयन के आरोप विधानसभा चुनाव के समय कमलनाथ पर लगे थे और इसी के चलते उन्हें प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाया गया था। अब ऐसा ही वातावरण अब जीतू पटवारी से प्रदेश अध्यक्ष पद छीने जाने का बन चुका है? गेंद अब कांग्रेस हाई कमान के पाले में है। देखना है आगे-आगे क्या होता है।

# डेढ़ किलो अफीम के साथ दो गिरफ्तार

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नई आबादी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर कारवाई की है। इसमें कार से डेढ किलो अफीम के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नईआबादी पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर नालछा माता फंटा के पास हाईवे पर वाहन चेकिंग के दौरान क्रेटा कार पीबी 59बी 9005 को रोककर तलाशी ली गई। जिसमें 1 किलो 500 ग्राम अफीम मिली। पुलिस ने बताया कि कार सवार हरजेन्द्र सिंह पिता रघवीर सिंह जाति जाट उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम इसापुर थाना धुरी तह. शेरपुर जिला संगरूर पंजाब और सत्यवेन्द्र सिंह पिता रघवीर सिंह जाति जाट उम्र 37 वर्ष ग्राम इसापुर थाना धुरी तह. शेरपुर जिला संगरूर को मामले में गिरफ्तार किया गया है। इनसे पूछताछ की जा रही है।



### दो दिन की रिमांड पर आरोपी...

पुलिस ने आरोपी हरजेन्द्र सिंह पिता रघवीर सिंह जाति जाट उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम इसापुर थाना धुरी तह. शेरपुर जिला संगरूर पंजाब और सत्यवेन्द्र सिंह पिता रघवीर सिंह जाति जाट उम्र 37 वर्ष ग्राम इसापुर थाना धुरी तह. शेरपुर जिला संगरूर को न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनो को दो दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है। पुलिस अब आरोपियो से विस्तृत पूछताछ कर रही है।

### उमठ पालिया के सद्दाम से लाये थे अफीम...

पुलिस पूछताछ में आरोपियो ने प्रारंभिक तौर पर बताया है कि वे सद्दाम पिता शराफत निवासी उमठ पालिया तहसील जावरा से यह अफीम लाए थे और पंजाब ले जा रहे थे। अब पुलिस दोनो की तस्दीक के लिए उन्हें लेकर पंजाब रवाना हो गई है। इधर एक टीम सद्दाम को तलाश रही है।



# दूसरे दिन भी पता नहीं चला, किसने मारी इरफान को गोली..!

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** रविवार देर शाम कोर्ट रोड पर एक युवक को कथित रूप से अज्ञात लोगों ने गोली मार दी थी। सोमवार को दूसरे दिन भी पुलिस के इस मामले में हाथ खाली रहे। हालांकि, फरियादी भी पुलिस का सहयोग नहीं कर रहा है।

रविवार देर शाम कोर्ट से पशुपतिनाथ पहुंच मार्ग पर कथित रूप से काली बाइक पर आए दो लोगो ने इरफान पिता सज्जाद अली निवासी कांच की मस्जिद भैसा पहाड़ पर पिस्टल से फायर कर दिया। बताया गया है की बाइक सवार लोगो ने उससे पशुपतिनाथ मंदिर का पता पूछा था। हालांकि, इरफान का कहना है की वह हमलावरों को नहीं पहचानता है। उससे किसी की दुश्मनी नहीं है। ऐसे में पुलिस भी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पा रही है। अब पुलिस अलग अलग एंगल से जांच में जुटी है, जिससे की वास्तविकता सामने आए।

# प्रदेश में सभी जगह लगेंगे पुस्तक मेले

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** निजी स्कूलों की कापी- किताबो, शिक्षण सामग्री आदि में लूटखसोट, मनमानी और कमीशनखोरी को लेकर जबलपुर में प्रशासन ने पुस्तक मेला आयोजित कराया था। यह अब प्रदेश के लिए उदाहरण बन गया है। प्रदेश शासन ने सभी जिला कलेक्टर को पुस्तक मेला आयोजित कराने की संभावना तलाशने और शीघ्र आयोजन करने के लिए दिशा निर्देश जारी किए है। इसमें न्यूनतम तीन दिवसीय मेला के आयोजन के निर्देश है।

बता दे कि जबलपुर में कलेक्टर दीपक सक्सेना ने अभिभावकों के हित में शिक्षा का अवैध गठजोड़ तोडने की कार्रवाई के साथ ही बुक फेयर लगाकर अभिभावकों को राहत दी। अब उनकी यह पहल प्रदेश भर में लागू की जा रही है। जबलपुर में आयोजित किए गए बुक फेयर की तर्ज पर प्रदेश के सभी जिलों में इसका आयोजन किया जाएगा।

### कलेक्टरो को आदेश जारी...

उप सचिव मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंजूषा विक्रांत राय ने इसके आदेश प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को शनिवार को जारी किए हैं। आदेश में जिला कलेक्टरों को कहा गया है कि निजी विद्यालयों के लिए स्कूल शिक्षा विभाग का मध्य प्रदेश निजी विद्यालय अधिनियम 2017 एवं मध्य प्रदेश निजी विद्यालय नियम-2020 प्रभावशील है।

# शहर ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में घर-घर चलो अभियान निरंतर जारी



मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। शहर ब्लॉक कांग्रेस मन्दसौर का घर घर संपर्क गोल चौराहा मंडलम क्षेत्र में सोमवार को हुआ। गोरतलब है कि कई दिनों से शहर में कांग्रेस पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार श्री दिलीप सिंह गुर्जर के समर्थन में शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान मंडलम एवं सेक्टर अध्यक्षों व कांग्रेस के नेताओं के साथ निरंतर चल रहा है। सोमवार को यह अभियान गोल चौराहा मंडलम क्षेत्र की विभिन्न गलियों में किया गया। जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस जनों ने देश में बढ़ते पेट्रोल डीजल के भाव पर फोकस करते हुए पेट्रोल डीजल के भाव कम करने के गगन भेदि नारे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगाए। इस दौरान व्यापारियों को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार बनने पर जीएसटी की दर कम करने का भरोसा दिलाया। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हर दुकान और घर में कांग्रेस का मेनिफेस्टो वितरित कर कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील करी। इस अवसर पर पूर्व विधायक पुष्पा भारतीय,मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर जिला कांग्रेस पदाधिकारी में सर्वश्री इस्माईल मेव,सुरेंद्र कुमावत, मनजीत सिंह टुटेजा, देवेंद्र योगी, अजय लोढ़ा, विनोद शर्मा , सुरेंद्र कुमावत , राजनारायण लाड़, सुरेश भाटी रमेश सिंगार, विजय सिंह सिसोदिया, जितेंद्र सौपरा, लक्ष्मण मेघनानी, इस्माइल मेव, राजेंद्र सेठिया, दिनेश रावल, राजेश सोलंकी , विश्वास दुबे, नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी, कांग्रेस नेत्री बबीता सिंह तोमर,अंजू तिवारी, इष्टा भाचावत,सुनीता बंडी, अनीता भदोरिया, राखी सत्रवाला, वर्षा सांखला, योगिता बैरागी ,नेहा कनकमल जैन , मंडलम अध्यक्ष सर्वश्री विजय जैन,रमेश बृजवानी , दशरथ सिंह राठौड़, पंकज जोशी ,शुभम कुमावत ,नितेश सतीदासानी, अजय मारू, अजय सोनी सेक्टर अध्यक्ष सादिक गोरी, कचरमल जाटीया, अमीन खान, सुनील गुप्ता, एनएसयूआई शहर ब्लॉक अध्यक्ष सम्यक जैन, प्रणय धाकड़, कन्हैयालाल कुमावत , अक्षय सेठिया, सुरेश जैन,संजय जैन आदि इस अवसर पर उपस्थित थे श्र कार्यक्रम के अंत में आभार गोल चौराहा मंडलम अध्यक्ष विजय जैन ने माना।

**आज रामटेकरी मंडलम में होगा घर घर संपर्क अभियान**-शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर एवं रामटेकरी मंडलम अध्यक्ष नितेश सतिदासानी ने बताया की 30 अप्रैल मंगलवार को शाम 6 बजे से रामटेकरी मंडलम क्षेत्र में होगा। सभी कांग्रेसजन शाम 6 बजे परशुराम द्वार रामटेकरी चौराहा पर समय पर पहुंचे।

## स्कूली विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता के लिए निकाली रैली

खजूरीआंजना, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करवाने के लिए प्रशासन के लोगों द्वारा जागरूक किया जा रहा सोमवार को शासकीय प्राथमिक विद्यालय खजूरी आंजना के स्कूली बच्चे व शिक्षक शिक्षिकाओं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने गांव में रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया गया रेली विद्यालय से शुरू होकर गांव के मुख्य चौराहे होते हुए पूरे गांव से होकर वापस स्कूल पहुंचीं वह ग्रामीणों को आगामी दिनों में होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्र पर जाकर अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर मत दान करे। जिसको लेकर शपथ भी दिलवाई गई। आपको बता दे की मतदान को लेकर जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अलग अलग कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को।मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा ताकि अधिक से अधिक मतदान हो सके जागरूकता रैली के दौरान बीएलएमओ सचिव, सहायक सचिव,, शिक्षक सहित ग्रामीण आदि मोजुद रहे।

# भगवान श्री राम का नाम लेने से मुख पवित्र हो जाता हैं -संत लोकेश

### प्रेमप्रकाश आश्रम में श्रीमद् भागवत गीता एवं श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ के पाठ भोग का आयोजन हुआ





मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। श्री प्रेम प्रकाश आश्रम मंदसौर में रविवार 28 अप्रैल को भगवान श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव एवं सतगुरु स्वामी टेउँराम महाराज द्वारा स्थापित 103वें चैत्र मेले के निमित्त स्थापित श्रीमद् भागवत गीता एवं श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ के पाठों का भोग का आयोजन किया गया। जहां गीताजी के अन्तिम अध्याय का श्रीमती पुष्पा पमनानी एवं श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ के अंतिम अध्याय शांति के दोहों का उच्चारण संत श्री लोकेश प्रेमप्रकाशी ने किया तथा श्रद्धा का रुमाल पुष्पा पमनानी, श्रीमती देवकी कोठारी एवं श्रद्धालु संगत ने अर्पित कर भोग संपन्न किया।

इस आशय जानकारी श्री प्रेम प्रकाश सेवा मंडली के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शिवानी ने देते हुए बताया कि आचार्य सतगुरु स्वामी टेउँराम जी महाराज द्वारा अविभाजित हिंदुस्तान के टण्डा आदम में इस चैत्र मेले की स्थापना की गई थी, जो इस वर्ष 103 वे मेले के रूप में जयपुर स्थित अमरापुर में 22 से 26 अप्रैल तक मनाया गया जिसमें मन्दसौर कि संगत ने सम्मिलित होकर सेवा, संगत का लाभ प्राप्त किया। इस पावन अवसर को श्री प्रेमप्रकाश सेवा महिला मण्डली एवं संगत ने बड़े ही श्रद्धा, समर्पण, एवं भक्ति भाव के साथ सामूहिक रूप में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया एवं टेउँराम चालीसा का भी पाठ कर वातावरण को धार्मिक भाव से सम्पन्न किया। इस अवसर पर श्री प्रेम प्रकाश आश्रम (धमतरी) छत्तीसगढ़ से पधारे संत श्री लोकेश प्रेम प्रकाशी ने अपने मुखारविंद से अमृतमयी वर्खा में कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में भगवान श्री राम का भजन करना चाहिए। राम के बिना जीवन वेस्ट है और राम नाम में जीवन बेस्ट है, जब तक आप भजन भाव व सत्संग में अपने मन को नहीं लगाएंगे तब तक आपके जीवन का उद्धार होना संभव नहीं है। संत श्री लोकेश ने कहा कि मनुष्य को यह जो जीवन मिला है उसे अपने मन को भगवान से जोड़कर रहना चाहिए। आचार्य सतगुरु स्वामी श्री टेउंराम जी महाराज ने अपने जीवन को परमात्मा एवं सतगुरु कि भक्ति भाव में इतना लगा दिया कि वे आज भगवान स्वरूप पूजे जा रहे हैं। आपने भजन प्रस्तुत किया कि-

राम भजन कर भटक मत जग में,झूठा है संसार। राम भजन बिन संग न कोई, मतलब का है परिवार।।

इस अवसर पर भगवान श्री राम, संकट मोचन हनुमान का अति सुंदर एवं मनमोहक दीवान सजाया गया था। तथा भगवान श्री लक्ष्मीनारायण, आचार्य सदगुरु स्वामी टेउँरामराम जी महाराज का श्री मन्दिर को सजाकर सुन्दर वस्त्रो एवं ज्वेलरी पहनावा कर श्रृंगार का मनोरथ तो देखते ही बन रहा था। अंत में संत श्री लोकेश ने अपने मुखारविंद से सुख समृद्धि एवं शांति का पल्लव प्रकार कार्यक्रम को संपन्न किया आभार प्रदर्शन श्रीमती देवकी मेघराज कोठारी ने प्रकट किया।



## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिलाई जा रही शपथ

मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । तरह तरह की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। यह गतिविधि हाट बाजार, मेलो, चौराहों पर की जा रही है। साथ मतदान केंद्रों पर जाकर ईवीएम को चलाना, मतदान का महत्व, लोकतंत्र का महत्व आदि के बारे में मतदाताओं को बताया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में जागरूकता उत्पन्न हो।





# सांसद गुप्ता ने दीनदयाल मंडल मनासा में किया जनसंपर्क

मंदसौर/नीमच, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। मोदी जी के नेतृत्व में मंदसौर नीमच संसदीय क्षेत्र में 10 वर्षो के कार्यकाल में ऐतिहासिक कार्य हुए है। मोदी ने नारा दिया था सबका साथ, सबका विकास मोदी जी का नारा संसदीय क्षेत्र में साकार हो रहा है। पुरे संसदीय क्षेत्र में योजनाओं के माध्यम से हर क्षेत्र में कार्य हुआ है। चाहे वह मेडिकल कालेज का निर्माण, रेलवे का दोहरीकरण, नीमच सिंगोली-रावत भाटा-कोटा नवीन रेल लाइन के अंतिम सर्वेक्षण की स्वीकृति, नीमच- मनासा मार्ग का निर्माण के साथ ओधोगिक संरचानाओं ने संसदीय क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। यह बात भाजपा प्रत्याशी सांसद सुधीर गुप्ता ने दीनदयाल मंडल मनासा के ग्रामों में जनसंपर्क के दौरान कही।

सोमवार को सांसद सुधीर गुप्ता ने दीनदयाल मंडल मनासा के नलखेडा, अचलपुरा, ढाकनी, चुकनी, अल्हेड,पिपल्या रावजी, बड़िया जागीर, मालखेडा, जमुनिया, बालागंज, भाटखेडी बुजुर्ग पडदा, रावत पुरा,पलासिया, खेडली चैराहा, धाकड खेडी, झोपडिया, बरखेडा, चैकडी, कंजार्डा में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता का जगह-जगह पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। जनसंपर्क के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि दस वर्षो में मोदी जी के नेतृत्व में संसदीय क्षेत्रा में कई विकास के कार्य हुए है। लगभग 10 करोड की लागत से महामाया भादवा माता में कॉरिडार का निर्माण, सीवरेज योजना,पेयजल योजना, जलप्रदाय योजना, सडक निर्माण, नीमच में नर्सिंग कालेज की स्वीकृति, पीएमश्री स्कुल,सीएम राइज स्कुल की सौगात के साथ नीमच में सीआरपीएफ में आवासीय क्वाटर्स, का निर्माण,स्वीमीगं पुल निर्माण, किसान हितेशी अफीम निती से हजारों किसानों के पट्टे बहाल हुए है। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के पक्के मकान बने है। यह सब भाजनपा सरकार में हुए है। मनासा विधायक अनिरूद्ध माधव मारू ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में सांसद सुधीर गुप्ता ने विकास के कई कार्य किए है। योजनाओं का लाभ हर वर्ग को दिलाया है। आज संसदीय क्षेत्र में सडकों के निर्माण ने गांवो का परिदृश्य बदल दिया है। नीमच-सिंगोली मार्ग उन्नयन कार्य की स्वीकृति, भादवा माता-सरोदा-चडोल मार्ग, भादवामाता-जवासा बोरदिया कला-झार्डा मार्ग। प्रधनमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना,किसान सम्मान निधि से आज किसानों के साथ हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कैलाश पुरोहित,कार्यक्रम प्रभारी विरेन्द्र पाटीदार,किसान नेता भगतराम पाटीदार, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्याम वसीठा,आशीष सारडा, मंडल प्रभारी विजय शर्मा, पंकज पोरवाल,निर्भयराम राठौर, मंडल उपाध्यक्ष अर्जुन धनगर, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलीप धनगर सहित कई कार्यकर्तागण और आम नागरिक मौजूद थे।



## मेनपुरिया तालाब का स्वरूप बिगड़ रहा, जलीय जीवों के लिए भी संकट

मेनपुरिया, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। मैनपुरीया में स्थित तालाब में गर्मी के चलते पानी सूख चुका है। ऐसे में सूखे तालाब में से ट्रैक्टरों के जरिए अवैध रूप से मिट्टी निकालने का खेल शुरू हो चुका है। तालाब में से मिट्टी निकालने का खेल पिछले कई दिनों से चल रहा है। लगातार तालाब में मिट्टी निकालने की वजह से तालाब का स्वरूप में बिगड़ रहा है। वही तालाब के संरक्षण के आभाव के चलते आवक मार्ग भी अब पूरी तरह से बंद हो चुके है। कुछ ऐसी तस्वीर हर दिन मेंनपुरिया तालाब में देखने को मिल जाएगी। तालाब से मिट्टी निकालने के बाद उन्हें, खेतों में, व मकान निर्माण में उपयोग के लिए बेचा जा रहा है। तालाब में लगातार मिट्टी निकलने के चलते पानी में रहने वाले जलीय जीवो के लिए अब खतरा पैदा हो रहा है। लगातार एक ही जगह खुदाई होने से तालाब में गड्ढे बन चुके हैं। बारिश के समय में आने वाले मार्ग वाला बारिश का सारा पानी मेनपुरिया तालाब में पहुंचता था। इससे तालाब वर्ष भर पानी से लबालब भरा रहने से गर्मी के मौसम में लोगों के साथ-साथ पशु पक्षियों से लेकर जंगलों में विचरण करने वाले जानवर भी गर्मी के दिनों में अपनी प्यास मेंनपुरिया तालाब में बुझाते थे। लेकिन कई सालों से मेनपुरिया तालाब के आवक मार्गो के अतिक्रमण की भेंट टी चढ़ने की वजह से आवक मार्ग पूरी तरह से बंद हो चुके हैं। ऐसे में बारिश के दिनों खेतों से आने वाला सारा पानी सड्क होते हुए तालाब में जाने के बजाए दूसरे मार्ग से बह जाता है। वर्ष 2012 में मेंनपुरिया तालाब पूरी तरह पानी से भरा हुआ था इसके बाद यहां आवक मार्ग बाधित किए जाने से तालाब में पानी की आवक ही बंद हो गई है।

# आज मल्हारगढ़, मनासा विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन एवं नीमच विधानसभा में किसान सम्मेलन

### देवड़ा, गुप्ता, गुर्जर, अटोलिया, पाटीदार, परिहार, मारू सहित जनप्रतिनिधि रहेगें उपस्थित

मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकसभा क्षेत्र मंदसौर नीमच जावरा में लोकसभा चुनाव 2024 में विजयश्री प्राप्त करने हेतु निरंतर जनसंपर्क एंव बैठको का क्रम जारी है। इसी तारतम्य में आज 30 अप्रैल मंगलवार को लोकसभा क्षेत्र में मल्हारगढ विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन नारायणगढ में एंव मनासा विधानसभां का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन मनासा में सम्पन्न होगा।

जिसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद एंव किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्षगण नानालाल अटोलिया, पवन पाटीदार, विधायकगण दिलीपसिंह परिहार, अनिरूद्ध माधव मारू सहित विधानसभा क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेगें। इसी प्रकार नीमच विधानसभा में किसान सम्मेलन राज्यसभा सांसद एंव किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में एंव सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष नीमच पवन पाटीदार एंव विधायक दीलीपसिंह परिहार की गरीमामय उपस्थिति में सम्पन्न होगा। उक्त जानकारी लोकसभा मीडिया संयोजक एंव भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।



## स्वीप प्लान के तहत जिला जैल परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत शपथ दिलाई

मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024, हेतु स्वीप प्लान अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान कैलाश मार्ग, सरस्वती नगर, जिला जेल परिसर, में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु उपस्थित मतदाताओं को आगामी 13 मई को अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु सम्पर्क किया गया एवं मतदान की शपथ दिलाई गई। जिला जेल परिसर में बंदीयों/कैदियों से मिलने आये परिजनों को जिला जेल अधीक्षक श्री पी.के.सिंह, उप अधीक्षक आर. के. विश्वकर्मा एवं स्टॉफ को शा.बा.उ.मा.वि. क्र. 2 मन्दसौर के प्राचार्य श्री धर्मपालसिंह देवड़ा द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलवाई गई और मतदान से संबंधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर संस्था के श्री मनोहरलाल शर्मा, श्री राजेश बैरागी, श्री राजकुमार डाडिया, श्री रघुवीर मालवीय आदि स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

## छात्र अथर्व झलौया ने मतदाता जागरूकता अभियान के संदेश को पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया

मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। शासकीय बालक उच्तर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 मंदसौर में अध्ययनरत छात्र अथर्व झलौया ने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत बहुत ही सुंदर तरीके से अपनी कलाकारी को इस पोस्टर के माध्यम से संदेश देते हुए बुजुर्गों ,र्महिलाओं सभी को जागरूक किया है साथ ही पहचान पत्र को बहुत अच्छे से उसमें दिखाया गया है।



विद्यालय के प्राचार्य श्री धर्मपाल सिंह देवड़ा ने बताया कि अथर्व विद्यालय के होनहार छात्र है अभी जीव विज्ञान विषय से उन्होंने 12वीं कक्षा 80 प्रतिशत से उत्तीर्ण की है इनका लक्ष्य बहुत बड़ा है लेकिन आर्थिक परिस्थितियों पिताजी नहीं होने के कारण मां का सहयोग करना पड़ता है इसलिए पार्ट टाइम जॉब करते हैं इनको आगे उच्च अध्ययन हेतु यदि कोई मार्गदर्शन और सहयोग देना चाहे तो ये पुनीत कार्य कर सहयोग कर सकते हैं। अथर्व झलौया का मो.नं. 72250 36208 है।

## मतदाताओं को किया जा रहा को जागरूक

मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। स्वीप गतिविधियों के तहत जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिये महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। यह कार्य महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य में मतदाताओं के द्वारा भी विशेष रूचि ली जा रही है। साथ ही सभी लोग आपस में जागृत हो रही रहे हैं, और अन्य लोगों को भी जागरूक कर रहे हैं।



# नीमच जिले में 1 से 11 मई तक मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर घर, हर मतदाता जागरूकता अभियान-जैन

### सर्वाधिक मतदान प्रतिशत का लक्ष्य हासिल करने वाले बीएजी को 10 हजार रूपये का अवार्ड, जावद में आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, बीएलओ की बैठक सम्पन्न




नीमच, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। नीमच जिले के लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान का प्रतिशत बढाने, मतदाताओं को मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए एक से 11 मई तक हर घर, हर मतदाता, जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें ग्राम स्तरीय अमले की महत्वरपूर्ण जिम्मेदारी है। सभी आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, पटवारी, पंचायत सचिव, सचिव एवं रोजगार सहायक मतदान के प्रतिशत को बनाए रखने और मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए गर्मी को देखते हुए सभी मतदाताओं को मतदान के दिन 13 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे पूर्व तक मतदान केंद्र पर आकर मतदान करवाने का प्रयास करें। मतदान केंद्र के दूरस्थ गांवों के मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाकर मतदान करवाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों पर पेयजल, प्रकाश, पंखे, कूलर, छाया आदि के प्रबंध किए जाएंगे। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने सोमवार को शासकीय चिकित्साालय जावद के डोम में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में क्षेत्र की आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, बीएलओ, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव एवं पटवारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एसडीएम श्री राजेश शाह, जनपद सीईओ श्री आकाश धार्वे, सीएमओ श्री जगजीवन शर्मा, तहसीलदार श्री यशपाल मुजाल्दा भी उपस्थित थे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने जिले में 1 से 11 मई तक आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान की विस्तृत रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक मई को हर एक घर जाकर बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यर मतदान दिवस के पेम्पलेट(चिपकाए) लगाएंगे। 2 मई को नैतिक मतदान की पंजी के साथ हर एक मतदाता के घर जाकर उसके हस्ताक्षर करवाये जायेंगे। 3 मई को सभी मतदान केंद्र स्तर पर मतदाता जागरूकता रैली आयोजित की जाएगी। 4 मई को सभी मतदान केंद्र स्तर पर घर-घर जाकर पीले चावल देकर मतदान करने का न्यौता पत्र वितरित किया जाएगा। 5 मई को बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक आयोजित की जावेगी। 6 मई को प्रत्येक मतदान केंद्र स्तंर पर मतदाताओं व्दारा पौधा रोपण किया जावेगा। 7 मई को प्रत्यीक मतदान केंद्र पर रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता मतदाता जागरूकता विषय पर आयोजित की जावेगी। 8 मई को मतदान कलश यात्रा मतदान केंद्र से निकाली जावेगी। 9 एवं 10 मई को मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें पीले चावल बाटकर मतदान केंद्र पहुंच कर मतदान करने का आमंत्रण पत्र दिया जावेगा। 11 मई को बूथ सजाओं कार्यक्रम आयोजित कर बूथ की साज सज्जा की जावेगी। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित मैदानी ग्राम स्तरीय अमलें को मतदाता जागरूकता अभियान में सक्रीय भागीदारी निभाने और मतदान प्रतिशत बढाने के प्रयास करने का आव्हान किया। कलेक्टर श्री जैन ने उपस्थितजनों को मतदान करने की शपथ दिलाई और वरिष्ठे मतदाताओं तथा नव मतदाता का पुष्पहार पहना कर स्वागत व सम्मान भी किया।

**** बेचना है ****

ग्राम नाटाराम में चोबनिया कुआ पर स्थित सर्वे नंबर 995/1 एक बीघा के करीब सिंचित अडान बेचना है। जिस किसी को भी खरीदना है तो सम्पर्क करें:-

दुर्गा प्रसाद शर्मा, नाहरगढ़

मो-9753027779

मो.-9685962858

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 61 | 1900 | 2251 |
| उड़द | 3 | 4800 | 4800 |
| सोयाबीन | 4800 | 4100 | 4650 |
| गैहु | 12500 | 2210 | 3120 |
| चना | 867 | 5000 | 6162 |
| मसुर | 360 | 3800 | 6200 |
| धनिया | 180 | 5401 | 7100 |
| लहसुन | 18000 | 5510 | 22000 |
| मैथी | 1400 | 4670 | 5757 |
| अलसी | 1500 | 4810 | 5600 |
| सरसो | 956 | 4190 | 5001 |
| तारामीरा | 18 | 4501 | 4611 |
| इसबगोल | 171 | 9201 | 13600 |
| प्याज | 800 | 300 | 1458 |
| कलोंजी | 60 | 15001 | 20240 |
| डॉलर | 40 | 4500 | 9600 |
| तिल्ली | 1 | 12701 | 12701 |
| मटरसुखी | 12 | 5331 | 5521 |
| असालीया | 373 | 8553 | 10901 |



# सभी अभ्यर्थी व्यय लेखा रजिस्टर को अच्छे से संधारित करें-सामान्य प्रेक्षक सिद्दीकी

## सभी राजनीतिक दलों के साथ व्यय लेखा संधारण की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत चुनाव चिन्ह आवंटन के पश्चात सभी राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के साथ व्यय लेखा संधारण, व्यय लेखा के नियम, निर्देश से अवगत कराने के लिए के बैठक सुशासन भवन सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री सिद्दीकी, व्यय प्रेक्षक श्री दास, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री परमार, सभी एआरओ, सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सभी सहायक व्यय प्रेक्षक, अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

बैठक के दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री सिद्दीकी द्वारा निर्देश देते हुए कहा कि राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी व्यय लेखा संधारण बहुत अच्छे से करें। लेखा रजिस्टर में एंट्री प्रतिदिन की जानी चाहिए। उसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना करें। इसके साथ ही चुनाव के दौरान सभी नियमों और कानून का पालन करें। पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए सभी चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण करें। कोई भी कार्य बिना अनुमति के नहीं किया जाए। सभी कार्यों के लिए समय सीमा में अनुमति ली जाए। व्यय लेखा रजिस्टर का मिलान एवं समीक्षा तीन बार की जाएगी। जिसमें 3 मई, 7 मई एवं 11 मई को जांच होगी। इसमें सभी दलों के उपस्थित होना जरूरी है। समय पर लेखा प्रस्तुत करें। प्रस्तुत नहीं करने पर निर्वाचन नियमानुसार कार्यवाही होगी। 10 हजार से अधिक का भुगतान कैश में नहीं किया जाना चाहिए। 10 हजार से ऊपर का भुगतान ऑनलाइन तरीके से हो। जितनी भी अनुमतियां ली जा रही हैं, उनको भी अच्छे से संधारित करें। अगर कोई शिकायत है, तो उसके लिए सीविजिल एप्प का उपयोग करे। केंद्रों पर पानी की बहुत अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। सभी एआरओ फील्ड में भी देखें तथा सेक्टर अधिकारियों से समन्वय बनाएं। हमेशा अलर्ट मोड रहे। वोटर इनफॉरमेशन स्लिप का शत प्रतिशत वितरण हो, इस बात का सभी ध्यान रखें। अंत में उन्होंने कहा मतदान दलों को प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम चला कर 1 बार और अच्छे से दिखाएं। मतदान दलों को अच्छे से प्रशिक्षण प्रदान करें, जितना अच्छा प्रशिक्षण होगा चुनाव उतना ही अच्छा होगा।

## हस्ताक्षर अभियान चलाकर किया जा रहा है मतदाताओं को जागरूक

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदाता जागरूकता गतिविधियां निरंतर रूप से जारी है। इन गतिविधियों के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदाताओं से मतदान करने की अपील की जा रही है तथा मतदान करने के लिए हस्ताक्षर लिए जा रहे हैं। हस्ताक्षर अभियान जिले में लगातार जारी है। लोकतंत्र में मतदाता की राय सर्वोपरि है। उनके मत से ही जनप्रतिनिधियो का चयन होता है। मतदान के माध्यम से जितनी अधिक मतदाता की भागीदारी होगी उतना ही लोक तंत्र मजबूत बनेगा तथा उपयुक्त अभ्यर्थी का चयन हो सकेगा। मतदाता की समझदारी रंग लाएगी- देश को खुशहाल बनायेगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम में आगामी 13 मई 2024 को होने वाले लोकसभा निर्वाचन के मतदान में अपनी भागीदारी निभाने की अपील मतदाताओं से की जा रही है।



# सभी विभाग स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का व्यापक प्रचार-प्रसार करें-कलेक्टर

## साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

**मदसार, 29 अप्रल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक एवं निर्वाचन कार्यो की समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश देते हुए कहा की स्वीप की गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूल चलो अभियान के साथ-साथ स्कूली बच्चों के माता-पिता से घर पर जाकर संपर्क करें। साथ ही मतदाता जागरूकता संदेश के बारे में भी बताएं। महिला एवं बाल विकास विभाग आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता संदेश का व्यापक प्रचार प्रसार करें। इसके साथ ही घर-घर पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण आहार, गर्भवती महिला की जानकारी भी एकत्रित करें। नगर पालिका कचरा वाहनों में 13 मई मतदान दिवस के गीत बजवाए। इसके साथ ही विभागों द्वारा किए जा रहे हैं प्रचार कार्य का कॉल सेंटर के माध्यम से भी लगातार क्रॉस चेकिंग की जाएगी। मंडी सचिव मंडी में, उपार्जन केन्द्रों एवं सहकारी उचित मूल्य की दुकानों पर भी मतदाता जागरूकता के पोस्टर लगवाए। जिससे मतदाताओं को 13 मई मतदान दिवस के संबंध में जानकारी हो सके। ऐसे निजी संस्थान जो मतदान दिवस के दिन मतदाताओं को कोई विशेष छूट प्रदान कर रहे हैं, तो छूट के संबंध में संस्थान के बाहर ही पोस्टर लगवाए। जिससे मतदाताओं को पता चल सके। मतदान केंद्र पर आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ गर्मी के कारण मतदाताओं एवं मतदान दलों को कोई परेशानी ना हो, इसका विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। प्रत्येक मतदान केंद्र पर मेडिकल की टीम भी साथ में भेजी जाए। जो स्वास्थ्य संबंधी समस्या को समाधान करेगी।

## बाईक रैली का आयोजन कल

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकरी जिला पंचायत मंदसौर द्वारा बताया गया कि मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत बाईक रैली (मय हेलमेट सहित) का आयोजन 1 मई 2024 को प्रात: 8 बजे महाराणा प्रताप चौराहा से पशुपतिनाथ मंदिर घाट मंदसौर तक आयोजित की जाएगी।

## प्रत्येक मतदान केन्द्र पर चलें बूथ की ओर अभियान चलाएं

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत प्रदेश में तृतीय एवं चतुर्थ चरण का मतदान क्रमश: 7 मई 2024 एवं 13 मई 2024 को होने जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने 'चलें बूथ की ओर' अभियान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर चलाया जाएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने यह निर्देश संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिये हैं।

श्री राजन ने कहा कि कि तृतीय चरण के लिये यह अभियान एक मई एवं चतुर्थ चरण के लिये 7 मई को चलाये साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अन्य आयोजन भी करें। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बूथ जागरूकता समूह के सदस्यों, कैम्पस एम्बेसडर, रहवासी कल्याण समिति, चुनावी साक्षरता क्लब, गैर सरकारी संगठन, चुनाव पाठशाला तथा स्थानीय लोगों के माध्यम से सघन स्वीप गतिविधियां आयोजित कर लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिये जागरूक एवं प्रेरित करने की कार्यवाही करें। आयोजित गतिविधियों के उच्च गुणवत्ता के फोटोग्राफ्स एवं वीडियो उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये गये हैं।

**तीसरे चरण के 20456 मतदान केंद्रों पर चलेगा अभियान**–तीसरे चरण में प्रदेश के 9 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होना है। इसके अंतर्गत आने वाले 20 हजार 456 मतदान केंद्रों पर यह अभियान चलाया जाएगा। इसमें बैतूल, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल और राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं।

**चौथे चरण के 18007 मतदान केंद्रों पर चलेगा अभियान**–चौथे चरण में प्रदेश के 8 लोकसभा क्षेत्रों के 18 हजार 7 मतदान केंद्रों पर यह अभियान चलाया जाएगा। इसमें देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन, खंडवा लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं।

## मीडिया, प्रशासन व पुलिस के साथ क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नूतन स्टेडियम में 3 व 4 मई को

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकरी जिला पंचायत मंदसौर द्वारा बताया गया कि मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें बॉलीवाल प्रतियोगिता 2 मई को सायं 4.30 बजे कॉलेज ग्राउण्ड बालक होस्टल के पास एवं क्रिकेट प्रतियोगिता 3 व 4 मई 2024 को सायं 5.30 बजे नूतन स्टेडियम मंदसौर में आयोजित की जाएगी। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रशासन, पुलिस एवं मीडिया के साथी भाग लेंगे। टीम निर्माण के लिए जिला खेल अधिकारी मोबाइल +9179871 39485 से संपर्क करें।

# जगह-जगह मतदाता जागरूकता के नारे लिखे



**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री कुमार सत्यम के मार्गदर्शन में जिले में लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए जगह जगह दिवार पर नारे लिखे जा रहे है, एवं मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही गावं वालों को मतदान के बारे में जानकारी भी दी ज रही है। मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गयी। शपथ लेते हुए सभी ने कहा कि, 'मैं भारत की/का नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेती/लेता हूं कि मैं, अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखूंगी/रखूंगा तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मध्यप्रदेश लोकसभा निर्वाचन 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगी/करूंगा। शपथ की साथ ही ऐसे युवा मतदाता जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है तथा उनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है। ऐसे युवा मतदाता से अपील की गई कि वह फार्म 6 भर कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाए।

## नवजात शिशु की हालत बिगड़ने पर मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान, सीएमएचओ से मांगा जवाब

**मंदसौर, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय के प्रसूति वार्ड में विगत दिवस जन्मी नवजात बालिका के महिला चिकित्सक की लापरवाही से प्रायवेट पार्ट पर कट लगने का मामला सामने आया था। बच्ची के परिवार जनों ने शिकायत भी की तब हॉस्पिटल में बच्ची के गठान होने का बताया गया जब बाद में परिवार जनों को ज्ञात हुआ कि डिलीवरी के दौरान कोई गठान बच्ची के नहीं थी, चिकित्सक की लापरवाही से कट लग गया। परिजनों ने हॉस्पिटल में एवं प्रशासन को शिकायत दर्ज़ कराई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने के बाद मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मंदसौर जिले के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ चौहान से मामले की जांच कराकर उचित कार्यवाही के साथ तीन सप्ताह में जवाब तलब किया है।

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष मनोहर ममतानी एवं आयोग सदस्य राजीव कुमार टंडन ने इस आशय के निर्देश सोमवार को दिये हैं।







**कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट**

गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)

दिनांक- 29.04.2024

**✻✻✻जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि महेशकुमार पिता बापूलाल जी चौधरी जाति कलाल, निवासी ग्राम काचरिया चन्द्रावत तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की एक व्यवसायिक दुकान व भूखण्ड जिसका भूमि सर्वे क्रमांक-256/2/1/मिन-2/2 मौजा थड़ोद प.ह.नं. 36 रा.नि. वृत 2. बुढ़ा तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर में स्थित है, महेशकुमार चौधरी द्वारा उक्त दुकान व भूखण्ड को विधिवत रजिस्टर्ड हकत्याग/स्वत्व त्याग/निर्मुक्ति विलेख को ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी 249402021ए 1445050 दिनांक 17.06.2021 नागेन्द्रसिंह पिता नारायणसिंह राजपुत जाति राजपूत, निवासी ग्राम पाताखेड़ी तहसील जावरा जिला रतलाम से हक त्याग के माध्यम से लिया है। उक्त दुकान सर्वे क्रमांक-256/2/1 एवं 256/3/1 पेकी थड़ोद ग्राम पंचायत थड़ोद जिला मंदसौर में स्थित को 1. नागेन्द्रसिंह पिता नारायणसिंह राजपुत जाति राजपूत, निवासी ग्राम पाताखेड़ी तहसील जावरा जिला रतलाम, 2. महेशकुमार पिता बापूलाल जी चौधरी जाति कलाल, निवासी ग्राम काचरिया चन्द्रावत तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर ने विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी 249402018ए 1623829 दिनांक 07.09.2018 को रमेशचन्द्र पिता मथुरालाल जी पंवार, निवासी फाटक मोहल्ला, पिपलियामडी तहसील मल्हारगढ़ से क्रय की थी। इसी प्रकार उक्त भूखण्ड जिसका भूमि सर्वे क्रमांक-256/2/1 व 256/3/1 का भाग क्षेत्रफल 295.60 वर्गमीटर मौजा थड़ोद प.ह.नं. 36 ग्राम पंचायत थड़ोद तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर को रमेशचन्द्र पिता मथुरालाल जी पंवार जाति कनेरा, निवासी फाटक मोहल्ला, पिपलियामडी तहसील मल्हारगढ़ ने विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक-646 दिनांक 05.06. 2015 को मनीष पिता जगदीशचन्द्र जी परमार जाति दर्जी, निवासी महावीर गंज पिपलियामण्डी तहसील मल्हारगढ़ से क्रय की थी। उक्त दुकान व भूखण्ड की चर्तु:सीमा व पैमाईश निम्नवत है चर्तु:सीमा- पूर्व में-महू-नीमच राष्ट्रीय राज्य मार्ग, पश्चिम में-जैन बदर्स बापूलाल जैन की भूमि, उत्तर में-कारूलाल पिता गट्ठुलाल सोनी की भूमि, दक्षिण में-जितेन्द्र पिता शंकरलाल पंवार की भूमि, पैमाईश-पूर्व से पश्चिम 156 फीट तथा उत्तर से दक्षिण 20 फीट है।, कुल क्षेत्रफल-3120 वर्गफीट है।

उक्त संपत्ति पर महेशकुमार पिता बापूलाल जी चौधरी जाति कलाल, द्वारा IDFC FIRST BANK LTD (MBL) Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो या कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। हो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर




## मतदाता जागरूकता हेतु ढाबला माधोसिंह में आयोजित की विभिन्न गतिविधियां

**भानपुरा, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** अप्रैल सोमवार को संकुल शासकीय उ.मा.वि.ढाबला माधोसिंह के शिक्षको द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधी अंतर्गत ग्राम ढाबला में आगामी 13 मई को 100% मतदान करने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक वाहन रहली निकालकर घर-घर सम्पर्क किया गया तथा प्रमुख चौराहो पर राहगीरों के वाहनों को रोककर उनपर मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाये गये, सभी कर्मचारियों ने अपने अपने वाटसएप स्टेटस पर मतदान जागरूकता स्टीकर लगाया गया एवं कर्मचारियों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।


**राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001 Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 34/2024 दिनांक 29.04.2024

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा शंकरलाल पिता नाहरजी विश्वकर्मा, निवासी-ग्राम-बडवन, तहसील व जिला-मन्दसौर से आवासीय मकान ग्राम-बडवन, पटवारी हल्का न. 58, तहसील व जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व: त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी 249392024ए1081309, दिनाक 19/01/2024 से मेरे पक्षकार विद्या पति शंकरलाल विश्वकर्मा, निवासी-ग्राम-बडवन, तहसील व जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मन्दसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पेमाईश निम्नानुसार है-

पूर्व में-कारूलाल जी, पश्चिम में-सत्यनारायण तेली, उत्तर में-नाली, दक्षिण में-रोड, पैमाईश रकबा 1200 वर्ग फीट या 111.48 वर्ग मीटर।

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर



फार्मेट सी-1

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता :- श्री सुधीर गुप्ता
2/2, हाउसिंग कॉलोनी, मन्दसौर,
तहसील मन्दसौर, जिला मन्दसौर, मध्यप्रदेश

राजनैतिक दल का नाम :- भारतीय जनता पार्टी
निर्वाचन का नाम :- लोकसभा
*निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- 23 लोकसभा मन्दसौर

मैं, सुधीर गुप्ता उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूं-

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 01. | एम पी एम एल ए इंदौर | 01/24.01.24 | आरोप विरचित नहीं | भा. दं. वि. 188 |

| (ख) | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|
| क्र. सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

सुधीर गुप्ता
अभ्यर्थी, भारतीय जनता पार्टी
23 - मन्दसौर लोकसभा क्षेत्र




## मतदाता जागरुकता अभियान अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता व कलश यात्रा निकाली

**भानपुरा, 29 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं कलश यात्रा निकालकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान श्रीमती राजलक्ष्मी हाडा एवं नगर परिषद क्षेत्र की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सम्मिलित रही।


**✻ पूजारी चाहिए ✻**

**श्री हरिहर धाम**

वेदांत विहार, लक्ष्मी नगर, अभिनंदन रोड, मंदसौर
मंदिर में पूजा अर्चना के लिए फूल टाइम पूजारी की आवश्यकता है।
✻✻ इच्छुक संपर्क करें ✻✻
सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक
मो. 9424033322, 9425105927



फार्मेट सी-2

**दल द्वारा खड़े किए गए अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

राजनैतिक दल का नाम :- भारतीय जनता पार्टी
निर्वाचन का नाम :- 23 - लोकसभा मन्दसौर
राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम :- मध्यप्रदेश

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यर्थी का नाम | (क) लंबित आपराधिक मामले | | (ख) आपराधिक मामलों के लिए दोष सिद्धी के विषय के संबंध में विवरण | | |
| | | | न्यायालय का नाम, मामले की सं. एवं मामला (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराऐं और अपराध (धों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (तारीखें) | अपराध (धों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| 01. | 23 - मन्दसौर | सुधीर गुप्ता | एम पी एम एल ए इंदौर 01/24.01.24 आरोप विरचित नहीं | भा. दं. वि. 188 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

(एस.एस. उप्पल)
प्रदेश संयोजक
निर्वाचन आयोग, समन्वय विभाग
भारतीय जनता पार्टी,
मध्यप्रदेश


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडि्या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in